भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये

Rs. 100



रु. 100

ONE HUNDRED RUPEES

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

FK 498359

संशोधित ट्रस्ट/न्यास डीड (दस्तावेज)

वंशा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट

(पंजीकृत ट्रस्ट /न्यास डीड में संशोधन)

मैं अजय सिंह पुत्र श्री रतन बहादुर सिंह ग्राम– गजाधरपुर, पोस्ट –गद्दोपुर , परगना– गड़वारा, तहसील– बदलापुर, जिला –जौनपुर (उ0 प्र0) का निवासी हूँ मैं अपने हस्ताक्षर से वंशा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट का संशोधित डीड पंजीकरण हेतु प्रस्तुत कर रहा हूँ। जो पूर्व में श्री रतन बहादुर सिंह पुत्र स्व0 अभयराज सिंह ग्राम गजाधरपुर पोस्ट–गद्दोपुर परगना–गड़वारा, तहसील–बदलापुर, जिला–जौनपुर, (उ0 प्र0) द्वारा वंशा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट/न्यास ग्राम गजाधरपुर, पोस्ट–गद्दोपुर , परगना–गड़वारा, तहसील–बदलापुर, जिला–जौनपुर, का दस्तावेज बहैसियत प्रवन्धक/सचिव वंशा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट अपने हस्ताक्षरों से वर्ष 2005 में रजिस्टर्ड कराया गया है। जिसमें आवश्यक संशोधन हेतु यह ट्रस्ट डीड प्रस्तुत है।

यह लोक कल्याणकारी एवं मानवता प्रेमी ट्रस्ट/न्यास का निर्माण एवं स्थापना 21 फरवरी सन् 2003 ई० को स्व0 राय अभयराज सिंह पुत्र स्व0 जगरूप सिंह पूर्व अध्यक्ष द्वारा अपनी धर्म पत्नी वंशा देवी की स्मृति में किया गया था। इस न्यास/ट्रस्ट डीड (दस्तावेज) को वंशा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट (वी. डी. सी.टी.) के नाम से रजिस्टर्ड किया गया है। यह ट्रस्ट/न्यास डीड दिनांक 12.04.2005 को पुस्तक सं0 01 के पृष्ठ 327/368 पर क्रम सं0 847/1363 कार्यालय उपनिबन्धक बदलापुर जौनपुर के द्वारा रजिस्ट्रीकृत किया गया है। यह न्यास समाज के विभिन्न उद्देश्यों, जैस–शिक्षा को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य विकास, विज्ञान, नैतिक मूल्यों, कला, साहित्य, पर्यावरण एवं भारतीय संस्कृति एवं परम्परा का निरन्तर निर्वाह कर रहा है।

2. **ट्रस्ट /न्यास की विधिक प्रतिबद्धता:–**

वंशा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट/न्यास का रजिस्ट्रेशन इण्डियन ट्रस्ट एक्ट 1882 के अन्तर्गत किया गया है। इस ट्रस्ट/न्यास पर इण्डियन ट्रस्ट एक्ट 1882 के वे समस्त नियम/उप नियम लागू होंगे जो कि इस ट्रस्ट एक्ट के लिए आवश्यक और न्यायिक विधा में व्यवहारिक तथा

Scanned with CamScanner

2

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH FK 498360

विधिमान्य है। वंशा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट उसके अनुपालन में प्रतिबद्ध है। न्यास ट्रस्ट के न्यासकर्ता के द्वारा पूर्व में घोषणा की गयी है कि रूपया 10,000/– (दस हजार रूपया) से इस ट्रस्ट की स्थापना की गयी है तथा साथ में मौजा–गजाधरपुर परगना–गड़वारा तहसील–बदलापुर जिला जौनपुर में स्थित आराजी नम्बर 300/–04 डि0, 301/–11 डि0, 299/–3.5 डि0, व 403/–03 डि0 जुमला 4 गाटा/– 21.5 डिसमिल जमीन भी पूर्व में दी गयी है, जो कि न्यास/ट्रस्ट के न्यास सदस्यों द्वारा प्राप्त हुई है और ट्रस्ट के नाम अंकित है। आगे यह घोषणा की जाती है कि जो भी दान, अनुदान, चाहे कोष (फण्ड) या सम्पत्ति के रूप में प्राप्त होगा, उसका उपयोग लोक कल्याणकारी कार्यों में, मानव भलाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी उन्मूलन एवं अन्य कल्याणकारी कार्यो के लिए किया जायेगा। प्राप्त अनुदान, दान की धनराशि न्यास/ट्रस्ट को प्राप्त, या प्राप्त होगी उसका उल्लेख रजिस्टर में अंकित होगा या बैंक खाते का विवरण दिया जायेगा।

संस्थापक न्यासी/ट्रस्टी ने वंशा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट (वी. डी. सी. टी.) के नाम उपरोक्त धनराशि सौंप चुका है और प्राप्त है तथा न्यास/ट्रस्ट के उद्देश्यों एवं संचालन के हेतु समर्पित है। न्यास/ट्रस्ट के उद्देश्यों को संचालित करने के लिए नियुक्त प्रबन्धक/सचिव ट्रस्ट/न्यास पहले से ही अपनी सहमति व्यक्त कर चुका है अब वंशा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबन्धक/सचिव पद पर ट्रस्टी समिति की बैठक दिनांक 28.04.2020 में पंजीकृत ट्रस्ट के क्रमांक 3 के कालम में राय अभयराज सिंह (अध्यक्ष) की मृत्यु हो गयी है उनके स्थान पर श्री रतन बहादुर सिंह को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है तथा ट्रस्ट के रिक्त प्रबन्धक/सचिव के पद पर साधारण सभा से अजय सिंह पुत्र श्री रतन बहादुर सिंह ग्राम– गजाधरपुर, पोस्ट– गद्दोपुर, परगना– गड़वारा, तहसील– बदलापुर, जिला– जौनपुर (उ0प्र0) को उत्तराधिकारी नियुक्त (मनोनीत) किया गया है व मुख्य ट्रस्टी श्रीमती कमला सिंह व श्री अरविन्द कुमार सिंह ने अपने–अपने पद से स्वेच्छा से त्याग पत्र दे दिया है और अपना उत्तराधिकारी नियुक्त कर दिया है। इस वजह से मुख्य ट्रस्टी से रिक्त पद क्रमांक 4 व 5 पर क्रमशः श्रीमती रितिका सिंह पत्नी श्री अजय सिंह ग्राम– गजाधरपुर, पोस्ट– गद्दोपुर, परगना– गड़वारा, तहसील– बदलापुर, जिला– जौनपुर (उ0प्र0) व श्री स्वतंत्र कुमार सिंह पुत्र श्री श्याम बहादुर सिंह ग्राम– सहोदरपुर, पोस्ट– तेजीबाजार, तहसील– सदर, परगना– रारी, जिला– जौनपुर (उ0प्र0) को

Scanned with CamScanner